दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 188 मुरादाबाद 05 November 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## बहराइच-बाराबंकी NH पर भिड़े टोल कर्मी और विधायक समर्थक, भाजपा विधायक विक्रम सैनी की गई सदस्यता



बहराइच बाराबंकी नेशनल हाईवे के शहावपुर टोल प्लाजा पर टोल देने को लेकर नानापारा से अपना दल के विधायक के समर्थक और टोल कर्मियों के बीच झगड़ा हो गया। दोनों पक्षों के बीच मारपीट और तोड़फोड़ में कई वाहनों के शीशे टूट गए। इसके बाद टोल कर्मियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर विधायक समर्थक हाईवे पर धरने पर बैठ गए। विधायक भी वहीं मौजूद रहे। जिसके कारण पूरे नेशनल हाईवे का यातायात ठप हो गया। जाम की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो नजारा देख दंग रह गई। पुलिस की काफी मान मनौव्वल और कार्रवाई के आश्वासन पर विधायक समर्थकों ने धरना समाप्त किया। वहीं दूसरी ओर मुजफ्फरनगर जिले के खतौली से भाजपा विधायक विक्रम सैनी की भी सदस्यता को रद्द कर दिया गया है। यह कार्यवाई विक्रम सैनी को दो साल की सजा मिलने के बाद की गई है।` की जद्दोजहद के बाद पुलिस ने किसी तरह इस युवक को पेड़ से नीचे उतरने के लिए राजी कर लिया। युवक के पेड़ से उतरने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को हिमाचल के चुनावी दौरे पर हैं। उन्होंने वहां समलाना ज़?वाली में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। इलाहाबाद हाईकोर्ट में आज फिर ज्ञानवापी विवाद से जुड़े मामले की सुनवाई होनी है। वाराणसी की जिला अदालत में भी इस मामले की नियमित सुनवाई शुरू हो चुकी है। अपना दल ( सोनेलाल ) का राष्ट्रीय अधिवेशन शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा। अधिवेशन के दौरान पार्टी के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। अधिवेशन में पार्टी की अध्यक्ष केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल, पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल तथा अन्य पार्टी के सभी सांसद, विधायक और पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

## सांसद रीता बहुगुणा जोशी को हिरासत में लिया गया, चुनाव आचार संहिता उल्लंघन में गिरफ्तारी वारंट के बाद हुई थीं पेश



चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के दस साल पुराने मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद शुक्रवार को सांसद डॉक्टर रीता बहुगुणा जोशी की लखनऊ की अदालत में पेशी हुई। इस दौरान कोर्ट ने जोशी को हिरासत में ले लिया है। सजा के प्रश्न पर सुनवाई जारी है। मामला वर्ष 2012 के विधानसभा चुनाव के दौरान का है। रीता बहुगुणा जोशी पर प्रचार समाप्त हो जाने के बाद तक प्रचार करने का आरोप लगा था। स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने जोशी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।कोर्ट के वारंट पर शुक्रवार को एमपी एमएलए कोर्ट में सांसद जोशी हाजिर हुईं। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें हिरासत में लेने का आदेश दिया।

### पिछले महीने जारी हुआ था वारंट

आचार संहिता के उल्लंघन मामले में एमपी/एमएलए कोर्ट ने भाजपा सांसद रीता बहुगुणा जोशी के खिलाफ 20 अक्टूबर को गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश दिया था। विशेष एसीजेएम अम्बरीश कुमार श्रीवास्तव ने अदालत में मौजूद गवाह से जिरह नहीं करने पर सांसद रीता बहुगुणा जोशी की ओर से दी गई हाजिरी माफी अर्जी खारिज कर दी थी। कोर्ट ने गवाही के लिए मौजूद कांस्टेबल दिनेश कुमार यादव की गवाही समाप्त करते हुए सुनवाई के लिए नई तारीख दी थी। रीता बहुगुणा जोशी पर आरोप है कि वर्ष 2012 में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में विधानसभा चुनाव के प्रचार का समय समाप्त होने के बाद प्रचार कर आचार संहिता का उल्लंघन कर रही थीं। इस संबंध में कृष्णा नगर थाने में स्टैटिक मजिस्ट्रेट मुकेश चतुर्वेदी ने 17 फरवरी 2012 को मुकदमा दर्ज कराया था। मामले के विवेचक रामसहाय द्विवेदी ने 11 मार्च 2012 इस संबंध में रीता बहुगुणा जोशी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

## गोला गोकर्णनाथ उपचुनाव को लेकर अखिलेश यादव का बड़ा आरोप, बोले-बीजेपी के रहते नहीं हो सकते निष्पक्ष चुनाव



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गोला गोकर्णनाथ सीट पर हुए उपचुनाव के बाद बीजेपी सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सत्ता लोलुपता के चलते कहीं भी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सम्भव नहीं रह गया है। पुलिस-प्रशासन पूरी तरह से भाजपा कार्यकर्ता बनकर काम कर रहा है। लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ विधानसभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव में भाजपा धांधली से जीतने की तैयारी में मतदाताओं को स्वतंत्र रूप से मतदान नहीं करने दिया। अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत सरकार को सभी स्थितियों से पहले ही अवगत कराया गया लेकिन जिस तत्परता से कार्यवाही अपेक्षित थी, वह नहीं हुई है। लोकतंत्र के लिए यह खतरे की घंटी है। सपा मुखिया ने आरोप लगाया कि विधानसभा क्षेत्र 139 गोला गोकर्णनाथ के मतदान स्थल के बूथ प्रभारी पूर्व प्रधान जुबेर और हरिनगर के पूर्व प्रधान मेजर सिंह बिट्टू को पुलिस बेवजह पकड़ कर ले गई। इसी क्षेत्र के ग्राम लालापुर, मदनपुर, लक्ष्मणजती के पोलिंग स्टेशन पर भाजपा समर्थकों ने कब्जा कर सपा के मतदाताओं को भगा दिया। मतदाताओं को भयमुक्त और निष्पक्ष मतदान कराने का संवैधानिक दायित्व भारत निर्वाचन आयोग का है।

## भारत जोड़ो यात्रा के लिए तेज चलने की प्रैक्टिस में जुटे महाराष्ट्र कांग्रेस के कई नेता

मुंबई- राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा महाराष्ट्र पहुंचने वाली है। इससे पहले राज्य में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता तेज चलने की प्रैक्टिस करने में जुट गए हैं। भारत जोड़ो यात्रा सात नवंबर को शाम सात बजे के करीब पड़ोसी राज्य तेलंगाना से महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के देगलुर पहुंचने वाली है।

### तेज चलने की प्रैक्टिस कर रहे हैं अशोक चव्हाण

प्रेट्र के मुताबिक, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने कहा कि वह और अन्य नेता तेज चलने की प्रैक्टिस रहे हैं, ताकि यात्रा के दौरान राहुल गांधी के साथ कदम से कदम मिलाकर चला जा सके। राज्य कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि वह यात्रा के लिए खुद को फिट रखने के लिए एक्सरसाइज कर रहे हैं। नांदेड़ के रहने वाले अशोक चव्हाण ने कहा कि नांदेड़ के नागरिक यात्रा में शामिल होने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि जब भी हमें समय मिलता है हम प्रैक्टिस कर रहे हैं। चलना स्वास्थ्य के लिए



अच्छा है। नाना पटोले करेंगे 382 किमी की यात्रा नाना पटोले ने कहा कि पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख के रूप में राहुल गांधी के साथ राज्य में यात्रा के पूरे 382 किलोमीटर लंबे हिस्से की यात्रा करना उनका कर्तव्य है। कांग्रेस नेता और नांदेड़ से विधायक डीपी सावंत ने कहा कि राज्य के पार्टी नेता यात्रा के दौरान जितना हो सके, पैदल चलने की कोशिश करेंगे।

### 15 विधानसभा और छह संसदीय क्षेत्रों से होकर गुजरेगी यात्रा

डीपी सावंत ने कहा कि अशोक चव्हाण और अन्य नेता हर सुबह पांच किलोमीटर पैदल चल रहे हैं। महाराष्ट्र में भारत जोड़ो यात्रा अपने 14 दिनों के प्रवास के दौरान 15 विधानसभा और छह संसदीय क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। भारत जोड़ो यात्रा सोमवार शाम को देगलुर के मदनूर नाका पहुंचेगी और अगले दिन सुबह 6.30 बजे पैदल मार्च डेगलुर बस स्टैंड से शुरू होगा। महाराष्ट्र कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा के स्वागत के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। यहां राज्य का पूरा नेतृत्व मौजूद रहेगा।

# महात्मा बुद्ध की पावन तपोस्थली पर सृजेता कार्यक्रम का तैयारियां पूरी

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- महात्मा भगवान गौतम बुद्ध की पावन तपोस्थली श्रावस्ती के



श्रावस्ती महोत्सव स्थल पर आगामी 7,8,9 नवंबर को युवा सृजेता समारोह का आयोजन हो रहा है । जिसमें पूरे प्रदेश से आ रहे हजारों युवाओं को देश की भावी चुनौतियों को समझने व सामना करने के लिए तैयार किया जायेगा उक्त कार्यक्रम में अखिल विश्व गायत्री परिवार के प्रमुख युग पुरूष श्रद्धेय डॉ प्रणव पांड्या एवं आदरणीय डॉ चिन्मय पांड्या का मार्गदर्शन आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज ऐसे दिव्य 'एवं भव्य कार्यक्रम के तैयारियां को निरीक्षण करते हुए करते पूर्व सांसद अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा साथ में कार्यक्रम के प्रभारी शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे युवा गायत्री परिवार के प्रमुख श्रीमान आशीष सिंह , दधिबल सिंह , हर्षवर्धन गोयल , सहित परिवार के तमाम पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे !

## बोलि एसीपी संदिग्धों पर है हमारी नजर



तौफ़ीक़ खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी- युवा एसीपी चेतगंज शिवा सिंह ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार देर रात्रि तक अधिनस्त अधिकारी/कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि संदिग्धों पर कड़ी नजर रखी जाय।वही सर्किल क्षेत्र के व्यापारियों को जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी विशेष परिस्थितियों में आप 112 डायल कर पुलिस की सहायत ले सकते है।आपके सुरक्षा के लिए हम प्रतिबद्ध है।कानून व्यवस्था बनाये रखने में आप सहयोग करे।उपद्रवियों पर हम सख्त कार्यवाही करेंगे।ज्ञात हो कि जब से उन्होंने बतौर एसीपी चेतगंज का पदभार सम्भाला है क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी हुई है।

## साधना फाउंडेशन ने निकली प्लेटलेट जागरूकता रैली



तौफ़ीक़ खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी-साधना फाउंडेशन व अन्य कई संस्था द्वारा प्लेटलेट जागरूकता रैली अभियान निकाला गया।जिसमें शामिल होकर सभी को प्लेटलेट डोनेट करने और ब्लड डोनेट करने के लिए एक जागरूकता रैली शाहिद उद्यान सिगरा से निकाली गई और सभी को जागरूक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन साधना फाउंडेशन के अध्यक्ष सौरभ मोरया द्वारा कराया गया और सभी से डेंगू द्वारा पीड़ित मरीज के सुरक्षा हेतु उनके जीवन को बचाने के लिए प्लेटनेट और ब्लड डोनेट करने के रैली द्वारा जागरूक कर सभी को प्रोत्साहित किया गया।

# राप्ती नदी के तट पर बसे गांव के संबंध में बाध निर्माण की मांग को धरना प्रदर्शन

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- पहाड़ पर मूसलाधार बारिश होने से काफी जलस्तर नेपाल में होने के कारण कुसुम नदी के जल को नेपाल द्वारा छोड़े जाने से राप्ती नदी में बाढ़ आने से हुए नुकसान की भरपाई सहित अन्य मांगों के लिए बचाओ संघर्ष समिति की ओर से शनिवार को धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा सीमित के संयोजक पहलाद सिंह व राजकुमार वर्मा ने बताया कि मांगों को लेकर शनिवार को धरना प्रदर्शन किया जाएगा उन्होंने बताया की मधवापुर घाट पर बना पुल को लंबा करने व वाह सड़क की दोनों तरफ राप्ती नदी के कटान को रोकने के लिए पत्थर लगाए जाएं जिससे सड़क की कटान न हो सके और ठोकर भी बनाए जाएं व फसल को नुकसान का मुआवजा दिलाने ।क्योंकि धरने में राप्ती नदी के कटान से पीड़ित ग्रामीण व बाढ़ से पीड़ित लोग द्वारा लक्ष्मणपुर कोठी राप्ती बैराज से गजोंबरी, भारथा, चमारन पुरवा, हसनापुर ,बरगा ,सलारू पुरवा ,कथरा, बीरपुर लौकीहा ,शिकारी चौड़ा, जोगिया, लक्ष्मनपुर, सेमराहनीया, शमशेरगढ़, दुर्गापुर धूमबोझी, की मांग नदी के इस पार बंधा बनाये जाने की मांग किया है जिससे उपरोक्त गांव में जल राप्ती नदी का न पहुंचे ग्रामीणों को फसल: नुकसान धन जन की हानि जो होती है वह रोकी जा सके इसी संबंध में राप्ती नदी के तट पर बसे गांव के ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन में शामिल होकर अपनी बात सरकार तक पहुंचाने के लिए एकत्र होंगे ।

# प्रतिबंधित थाई मांगूर मछली के साथ 03 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी नगर/भिनगा अतुल कुमार चौबे के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह थाना मल्हीपुर मयहमराही टीम क्षेत्र भ्रमण थे कि मुखबिर द्वारा सूचना दिया गया कि 1.कुलीम अहमद पुत्र अकबर अली निवासी ग्राम बड़ा भुलौरा दा0 मझौवा भुलौरा थाना नानपारा जनपद बहराइच, 2.बारिस खान पुत्र छुर्रा खान निवासी ग्राम इद्रवा टिकुईया थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती, 3.नूर मोहम्मद पुत्र अली अहमद निवासी ग्राम बडा भुलौरा दा0 मझौवा भुलौरा थाना नानपारा जनपद बहराइच पिकप/लोडर Px2GN5393 में प्रतिबंधित



धाई मांगूर मछली लेकर आ रहे हैं मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त गण उपरोक्त को थाई मांगुर मछली लगभग 300 चद्द के साथ साइफन पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त गण के विरुद्ध थाना मल्हीपुर पर मुकदमा अपराध संख्या 529/2022 धारा 188,270 IPC पंजीकृत किया गया तथा बरामद लगभग 300चद्द प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली जिसे मौके पर जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर सम्मुख सहायक निदेशक मत्स्य जनपद श्रावस्ती की देखरेख में विनष्टीकरण कराया गया

# धूमधाम से मनाया गया खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच





खुटार,शाहजहांपुर-नगर के बंडा रोड पर श्याम बाबा मोबाइल शॉप के प्रतिष्ठान पर हारे का सहारा खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया आने वाली 11 नवंबर को बाबा खाटू श्याम का भव्य जागरण नगर खुटार में किया जा रहा है,शुक्रवार को जागरण कमेटी के सदस्य एवं श्याम प्रेमियों ने केक काटकर बाबा का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया, उससे पूर्व खाटू श्याम बाबा की पूजा अर्चना कर केक काटकर जन्मोत्सव मनाया गया, हारे का सहारा श्याम बाबा का जन्मोत्सव हर साल कार्तिक शुक्ल पक्ष की देवउठनी एकादशी को मनाया जाता है इस दिन भगवान श्री कृष्ण के कलयुगी अवतार राजस्थान के सीकर जिले के खाटू कस्बे में स्थित खाटू मंदिर समिति में देश ही नहीं विदेश के हर कोने-कोने से भक्त आते हैं हर वर्ष बाबा का जन्मोत्सव भक्त बड़े धूमधाम से मनाते हैं इस मौके पर चेयरमैन अनुपम शुक्ला,बाबा श्याम परिवार कमेटी के डिप्टी शर्मा,सचिन गुप्ता, विवेक गुप्ता,अभिषेक गुप्ता,राहुल गुप्ता,अंकित कुमार,भोले शुक्ला, सरोज गुप्ता,विजय गुप्ता,शिवसरन कुशबाहा,नीरज गुप्ता,रामजी शुक्ला, सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं, बालिकाओं को किया जा रहा है जागरूक

तौफ़ीक़ खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच





चन्दौली- अनुभवी अलीनगर महिला थाना इंस्पेक्टर श्यामा तिवारी ने बताया कि हमारी टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में जाकर महिलाओं, बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर रही है।आगे उन्होंने बताया कि महिलाओं के सशक्तिकरण और सुरक्षा को लेकर देश में कई प्रकार के कानून बनाए गए हैं तथा महिलाओं को विभिन्न विधियों के तहत विधिक अधिकार दिए गए हैं।बावजूद इसके जानकारी के अभाव में महिलाएं उनका लाभ नहीं ले पाती हैं।इसके साथ ही ऐसे बच्चें जिनकी उम्र 5 से 14 वर्ष है और जो शिक्षा से वंचित हैं,उन्हे भी शिक्षा की मुख्य धारा से जोडने के लिए सूची तैयार करने की बात कही। इसके अतिरिक्त महिलाओं एवं बालकों के विरूद्ध अधिकार,लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन अधिनियम,बाल विवाह निषेध अधिनियम,के बारे में महिलाओं को जागरूक होना होगा।

# बोली एडीसीपी अनजान नंबर का वीडियो कॉल रिसीव ना करें,हो सकते हैं ब्लैकमेलिंग का शिकार

तौफ़ीक़ खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



वाराणसी- एडीसीपी महिला अपराध ने बताया कि साइबर फ्रॉड वालों ने लोगों को ब्लैकमेल करने का नया तरीका निकाल लिया है। यह साइबर अपराधी अब खास के साथ आम पब्लिक को भी निशाना बना रहे हैं। वीडियो कॉल के जरिये ब्लैकमेलिंग का जमकर गोरखधंधा चल रहा है। यदि आपके पास किसी भी अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल आए,तो सतर्कता बरतें।कॉल अटेंड करने पर आप ब्लैकमेलिंग का शिकार हो सकते हैं।साइबर अपराधी आपका नंबर किसी भी सोशल मीडिया अकाउंट से निकाल लेते हैं।फिर नंबर पर वीडियो कॉल करते हैं।कॉल करने वाली महिला न्यूड रहती है। फिर जैसे ही कोई व्यक्ति फोन उठाता है और अपना चेहरा दिखाता है तो वह तुरंत स्क्रीनशॉट ले लेते हैं या स्क्रीन रिकार्डिंग कर लेते है जिसके बाद ब्लैकमेलिंग का दौर शुरू हो जाता है।

# वर्ष 2023 में माह मार्च में किया जाये मुरादाबाद महोत्सव का आयोजन-डीएम



मुरादाबाद-जनपद मुरादाबाद में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की प्रथम बैठक डीएम कैम्प कार्यालय पर जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें परिषद के आगामी कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के संबंध में विचारोपरान्त जिलाधिकारी ने शासन की मंशा के अनुरुप जनपद में पर्यटन विकास हेतु इकोटूरिज्म, वेलनेस टूरिज्म, एडवेन्चर टूरिज्म एवं क्राफ्ट टूरिज्म जैसी नवीन पर्यटन की संभावनाओं को तलाशने हेतु प्रभावी कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यटन प्रोत्साहन शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में सम्मिलित है, जिसकी पूर्ति हेतु शासन ने प्रदेश के समस्त जनपदों में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद का गठन किया है। जिलाधिकारी ने परिषद के सभी सदस्यगणों को निर्देशित किया कि वे अर्न्तविभागीय समंवय एवं सामंजस्य की कार्यपद्धति अपनाकर जनपद को प्रदेश एवं देश के पर्यटन मानचित्र पर लाने हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित है। जिलाधिकारी ने बैठक में निर्देशित किया कि आगामी वर्ष 2023 में माह मार्च में मुरादाबाद महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाये तथा इसमें विषेशकर निर्यातकों एवं औद्योगिक संस्थानों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाये। इसके साथ ही जनपद के जिन पांच ग्रामों को ग्रामीण /एग्रो पर्यटन एवं फार स्टे की संभावनाओं के दृष्टिगत चिन्हांकित किया गया उनमें मौढा तैय्या, रानीनांगल, ताजपुर माफीपुर, जलालपुर खास एवं निवाण खास शामिल हैं। बैठक में ग्राम निवाण खास स्थित कामेश्वर महादेव मंदिर के पैराणिक महत्व को देखते हुए इसके पर्यटन विकास की योजना बनाने के निर्देश दिए गये।

जिलाधिकारी ने पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु कांठ रोड पर कन्वेन्सन सेन्टर बनाने के निर्देश दिये तथा रामपुर रोड स्थित डियर पार्क के समीप रामगंगा नदी के किनारे-किनारे रिवर फ्रन्ट विकसित करने तथा नया मुरादाबाद स्थित हर्बल पार्क को भी पर्यटन केन्द्र के रुप में विकसित करने के निर्देश दिये। बैठक में पर्यटक अधिकारी /सचिव जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद मुरादाबाद श्रीमती दीप्ति वत्स ने बताया कि जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद का मुख्य उद्देश्य जनपद के विभिन्न आकर्षणों-पौराणिक, पुरातात्विक, ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण तथा संवर्धन कर विभिन्न पर्यटन स्थलों से जुडे व्यक्तियों, कलाकारों एवं स्थानीय समुदाय के आर्थिक विकास, प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रोजगार के संसाधनों का सृजन तथा सांस्कृतिक धरोहरों एवं परम्पराओं को अक्षुण्य बनाये रखने एवं जनपद के विभिन्न विशेषज्ञों का पर्यटन विकास कार्यक्रमों एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से जोडना व जागरुक करना एवं प्रचार व प्रोत्साहन करना तथा पर्यटक एवं सांस्कृतिक विकास में होने वाले गतिरोधों एवं समस्याओं का चिन्हीकरण करते हुए उनका प्रभावी समाधान करना है।

बैठक में परिषद के कार्यो को सुचारु रुप से संचालित किए जाने हेतु प्रस्तावित प्रबन्धककारिणी समिति को परिषद द्वारा औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया गया तथा जनपद स्तर पर युवाओं में पर्यटन के प्रति जागरुकता एवं रुचि बढ़ाये जाने के उद्देश्य एवं स्थानीय पर्यटन के विकास में उनकी भूमिका स्थापित किए जाने हेतु विभिन्न स्कूलों एवं कालिजों में कक्षा 6 से कक्षा 12 तक कम से कम 25 छात्रों के समूहों में卐युवा पर्यटन क्लबों卐 की स्थापना कराये जाने का भी निर्णय लिया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में इकोटूरिज्म, वेलनेस टूरिज्म, एडवेन्चर टूरिज्म, क्राफ्ट टूरिज्म एवं वाटर टूरिज्म जैसी नवीन पर्यटन की संभावनाओं पर विचार विमर्श उपरान्त इन गतिविधियों को प्रोत्साहित करके अधिकाधिक पर्यटन विकास हेतु कदम उठाने के निर्देश दिए गये। उन्होंने जनपद के विभिन्न ग्रामों में ग्रामीण / एग्रो पर्यटन एवं फार्म स्टे की संभावनाओं के दृष्टिगत 5 पर्यटन ग्रामों का चिन्हाकंन कर पर्यटन गतिवधियों को बढ़ावा देने तथा जनपद में मेलों एवं महोत्सवों के आयोजन हेतु प्रभावी कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिये।

बैठक में पर्यटन नीति 2018 से उद्यमियों को होने वाले लाभों का अधिकाधिक प्रचार करने तथा महानुभावों से पर्यटन विकास हेतु प्राप्त प्रस्तावों को समिति द्वारा अनुमोदित किए जाने हेतु कार्यवाही के भी निर्देश दिए गये।

बैठक में सीडीओ सुमित यादव, पुलिस टैअफिक अशोक कुमार, उपायुक्त उद्योग योगेश कुमार, डीएसटीओ मो0 परवेज, डीआईओएस श्यामा कुमार, उप प्रभागीय वनाधिकारी सतेन्द्र कुमार, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी डा0 आलोक कुमार मिश्रा, ए0सी0एम0 डा0 सुनील दोहरे, उपनिदेशक सूचना आदि अधिकारीगण उपस्थित थे। संचालन पर्यटक अधिकारी श्रीमती दीप्ति वत्स द्वारा किया गया।

## कौड़ियागंज में महिला को अवैध संबंधों के शक में निर्दोष महिला को दवंगो ने जमकर पीटा पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद/अलीगढ-अकराबाद - थाना क्षेत्र के कस्बा कौड़ियागंज में एक महिला के साथ पड़ोस के ही दवंग लोगों ने जमकर मारपीट करदी। पीड़ित महिला ने पांच लोगों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कस्बा कौड़ियागंज के मोहल्ला ठकुराइन निवासी रेखा पत्नी वीरेंद्र सिंह ने थाने में दी तहरीर में कहा है। बीते में अपने मकान पर किसी रिश्तेदार से फोन पर बात कर रही थी तभी पड़ोस के ही महिला पिंकी पत्नी सोनू मुझे गाली गलौज करने लगी जब गाली देने से उसने मना किया तो उसकी सास, ननद, पति व ससुर ने मुझे मारपीट करते हुए दरवाजे से खींच लिया और गिरा कर मेरे साथ मारपीट की जिससे मेरे कपड़े फट गए। मैं किसी तरह जान बचाकर मौके से भागी किसी तरह 112 नंबर पर फोन पर सूचना दी पुलिस को फोन करते ही आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गये। चार-पांच दिन पूर्व भी इन्हीं लोगों ने मेरे साथ मारपीट की थी घटना के संबंध में कोतवाल राम वकील सिंह ने बताया है आरोपित नंदकिशोर, पिंकी, कमलेश, सविता व सोनू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

## धनीपुर में सरकारी नालियों से सरकारी भूमि से नगर निगम के अधिकारी अति शीघ्र कब्जा हटाए- राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद/अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह कहां है कि धनीपुर वार्ड नंबर 36 जो भी समस्याएं जनता की है घर घर जाकर के समस्याओं को पूछा गया है पानी निकासी की समस्या जीटी रोड पर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की समस्या सरकारी नालियों पर अवैध कब्जे की समस्या बिजली व्यवस्था के अंतर्गत नगर निगम से स्ट्रीट लाइट लगवाने की समस्या यह कुछ गंभीर समस्या है क्षेत्र की इनको वो पूरा हल कराने का प्रयास किया जा रहा है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह यह भी कहा है कि पानी की निकासी का मामला तो केवल सरकारी नाली जो दबी हुई है उसी नाली से निकलना संभव है वह दबंगों ने दवा रखी है इसे तत्काल कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग नगर निगम से की जाएगी और की जा चुकी है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने मोहन नगर की एक रास्ता का भ्रमण किया था उस रास्ते की नाप तोल के लिए एवं उसे बनवाने के लिए नगर निगम को कार्यवाही के लिए पत्र दिया गया है उन्होंने यह भी कहा है कि नगर निगम को स्ट्रीट लाइट लगवाने के लिए भी एक फिलहाल में एक पिछली दीपावली से पहले भी दिया जा चुका है इस समस्या का भी समाधान अतिशीघ्र किया जा रहा हैउत्तर प्रदेश के यशस्वी माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का आदेश है ड्रग माफिया माफिया भ्रष्टाचार भ्रष्टाचारियों पर चलेगा बुलडोजर माननीय मुख्यमंत्री जी के आदेश की सहारना की जाती है क्षेत्र की जनता किसान आदेश इस आदेश से काफी खुश नजर आ रहे हैं जनता का उत्पीड़न किसी भी समस्या की आड़ में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

## जिरौली हीरा सिंह कुश्ती दंगल में रामेश्वर पहलवान ने बिना लड़े ही जीता आखिरी मुकाबला

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद/अलीगढ-अकराबाद- गांव जिरौली हीरा सिंह में शुक्रवार को विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ। आसपास के गांवों के अलावा दूर दराज के क्षेत्रों से आये पहलवानों ने अपनी मल्ल विद्या का जबरदस्त प्रदर्शन किया। इस दौरान आखिरी कुश्ती के लिए दंगल में उतरे भारत केशरी रामेश्वर पहलवान के सामने लड़ने के लिए कोई अन्य पहलवान नहीं आया। कमैटी ने बिना लड़े ही रामेश्वर पहलवान को विजेता घोषित कर 11 हजार रुपये व शील्ड प्रदान की । इससे पूर्व कुश्ती दंगल का उद्घाटन महेंद्र प्रताप सिंह उर्फ पिंका ठाकुर पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने फीता काटकर किया। इस मौके पर ठा. कुवंर जीतू सिंह, ठा. पूरन सिंह नेताजी, ठा. सत्यपाल सिंह, संदीप सिंह, राजेंद्र सिंह पहलवान, जय कुमार सिंह उर्फ जैकी ठाकुर, लालू सिंह,बीरपाल सिंह, देवेंद्र पाल सिंह, अवधेश कुमार सिंह, गिरीश पहलवान, जीतू सिंह पहलवान सहित क्षेत्रवासी मोजूद रहे।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Pollution again

Pollution is at its peak these days in Delhi and its surrounding areas. Unwell people have started having trouble breathing. According to an estimate, the amount of stubble in pollution has exceeded 30 percent. The fear is that pollution will increase more in the coming days. Pollution peaked at the end of December last year and it has just begun in November this year. If measures are not taken to stop pollution, then this year it may break all records. It looks like the pollution figures in the national capital are no longer a scare. How much the common people are worried about pollution, we can roughly estimate it from the fireworks at the time of Diwali. We are not ready to accept the restrictions and guidelines, the result is in front. Union Environment Minister Bhupendra Yadav said that the incidence of stubble burning in Punjab has seen an increase of more than 19 percent compared to 2021. It was also told that in Haryana (where BJP is in power) there has been a decline of 30.6 percent in stubble burning. The allegation is serious that the Aam Aadmi Party-led Punjab government is responsible for turning Delhi into a gas chamber. On the other hand, Delhi Chief Minister Arvind Kejriwal has blamed the central government for the increasing incidents of stubble burning in Punjab. At the same time, it has also been said that if she cannot control air pollution, then she should resign. In fact, the Punjab government wanted to give a cash incentive of Rs 2,500 per acre to the farmers, so that farmers do not burn stubble and try other nature friendly measures. In this scheme, the central government was also asked to give money, but the central government was not ready for it, as a result, the farmers of Punjab are burning more stubble this time. Political parties are definitely saying that there should be no politics on the environment, but whether there is silence or accusations, politics is behind everyone. Those making tall promises of reducing pollution are behaving according to their political inclination. Is no one feeling the need for any movement to end the practice of stubble burning?

It is true that strict action against farmers is not the solution. They have to prepare the fields for sowing wheat early, what should they be called? However, in the Delhi to which the farmers of Punjab are bringing pollution, do they have no relatives, friends living in that Delhi? No country is made by law or by strictness, not by the vested interests of its people. The nation begins to be built when people start thinking in the interest of each other. Of course, the country is deteriorating due to the practice of stubble burning, people should think, then perhaps the governments will also start thinking. The permanent damage to the environment, health, education, economy and land has to be considered in totality. Apart from stubble, one has to think about controlling all those pollutants, which bring bad name to the National Capital Region almost all over the world throughout the year. The time has come for massive efforts to reduce the pressure on economic or material development in the National Capital Region on a war footing.

# Mother Jaya refuses to watch Abhishek Bachchan's series 'Breathe', son says - it shows that she is...

Jaya Bachchan is one of those actors who, be it professional or personal life, always makes her point clear. She is as strict at home as outside, or rather, the rules that are hers, she follows them everywhere. Now like recently Abhishek Bachchan told that his mother Jaya has not seen his latest web show Breathe Into the Shadows. The actor has also given the reason for this. Along with this, he also said that because Jaya has not seen this show now, it shows that there is a tremendous thriller in this show. The show also stars Amit Sadh, Saiyami Kher and Ivana Kaur in pivotal roles along with Abhishek and Mayank Sharma is directing the series which will stream on Amazon Prime Video on November 9. What is the reason - Now talking about the series, while talking to India Today Conclave, Abhishek said, 'Our show is full of thrills and it is so great that my mother refused to watch it. He said no, I do not want to see all this. She gets scared. My family will watch this show on November 8, without Maa. My mother will see something else than this. She cannot see that much violence or aggression. That's why she goes to Parliament where nothing like this happens. Further, Abhishek said that his father is biased and he liked it when he saw the last season. Abhishek also revealed that when he is busy promoting his show, Big B gets excited to watch the new season. He is eagerly waiting to see this new season. Rest of Abhishek's projects- Let us tell you that the last Abhishek was seen in the Netflix film Dasth in which Yami Gautam was in the lead and Nimrit Kaur was in the lead role with him. Abhishek's acting in this film was highly praised. At the same time, he will now be seen in R Balki's film Ghoomar and in this, Saiyami Kher is in the lead role with him. Let us tell you that this is Abhishek's second film with R Balki with this film. Earlier, both have worked together in the film Pa. Jaya Bachchan's film - while Jaya is also going to be seen on the big screen after a long time. She will be seen in the film Rocky and Rani Ki Prem Kahani which also stars Alia Bhatt, Ranveer Singh, Dharmendra and Shabana Azmi. On the other hand, Karan Johar will direct the film. The film will release next year.



# Bipasha Basu's bold style in pregnancy, users trolled, said- 'Bollywood against Sanatan Dharma'

Bipasha Basu is going to become a mother soon. She is enjoying the pregnancy phase these days. One of the bold and glamorous actresses of Bollywood, Bipasha has got the latest photoshoot done in which she is seen flaunting baby bump. She has done photoshoots with baby bump in the past as well. In the pictures shared, Bipasha has covered herself in a golden color dress. Bipasha said in the caption that one should love their body. However, some users on social media did not like these pictures of her and started trolling her. Users trolled - Pregnancy glow can be seen on Bipasha's face. She has kept her belly open and is flaunting baby bump. Users were furious after seeing Bipasha's pictures. One user said, Bollywood industry is a big blot on Sanatan Dharma culture. One user wrote, made the culture of the country like this. One said, would have looked good in a sari too. Appreciating the bold look - There is no shortage of people praising Bipasha Basu in response to the trolls. Some called him gorgeous and some praised his bold acts.



## रसोइया कैसे करें गुजारा, तीन माह से न मिला मानदेय

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- तीन माह से दो हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय न आने से रसोइयां परेशान है। अधिकारियों से बार-बार मानदेय दिलाने की गुहार लगाने के बाद भी परेशानी दूर नहीं हो रही है। उससे रसोइयों को घर-परिवार का खर्च चलाने को कर्ज लेना पड़ रहा है। अगस्त से अक्तूबर तक का मानेदय उनको नहीं मिला है। बेसिक शिक्षा परिषद के 1691 में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 4202 रसोइयां एमडीएम बनाने का कार्य कर रहे है। जिनको शासन की ओर से दो हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाता है। अगस्त माह तक का मानदेय रसोइयों को मिल चुका है। उसके बाद शासन से ग्रांट न आने के कारण रसोइयों को मानदेय नहीं मिल पा रहा है। तीन माह से रसोइयों को दो-दो हजार रुपये मानदेय नहीं मिला है। उससे उनके सामने परिवार के भरण-पोषण की दिक्कत आ रही हैं। मानदेय न मिलने से इनके परिवार में भुखमरी की स्थिति बनती जा रही है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

## जिले में अधिकांश होटलों के पास आग बुझाने के इंतजाम नहीं है

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जिले में अधिकांश होटलों के पास आग बुझाने के इंतजाम नहीं है। कई-कई मंजिला इमारत बनाने से पहले दमकल विभाग से एनओसी नहीं ली गई। जब भी कहीं हादसे होते है तो विभाग भी इनको नोटिस थमा देता है। पिछले तीन वर्षों से नोटिस पर नोटिस दिए जा रहे हैं। अगर कोई हादसा हुआ तो किसी के पास भी कोई जवाब नहीं दे सकेगा। नोटिसों तक सिमटी कार्रवाई का असर है कि ज्यादातर होटल मानक पूरा नहीं कर रहे है। शहर के ज्यादातर होटलों में आग बुझाने के इंतजाम नहीं है। होटल बनाने से पहले एनओसी भी नहीं ली थी। कुछ दिनों पहले चले अभियान में दमकल विभाग ने कई होटलों को चेक किए।भी पास एनओसी ही नहीं थी। विभाग के अधिकारी ने नोटिस देते हुए मानक पूरे करने की कहा था। ऐसा लग रहा है कि विभाग की ओर से दिए जाने वाले नोटिसों का इन पर कोई असर भी नहीं होता। विभाग का दावा है कि कई होटल संचालक मानक पूरा करने में लगे है। इसके बाद विभाग फिर से एक और नोटिस देने की तैयारी कर रहा है। शहर में लगभग 17 होटल, दिए जाएंगे नोटिस शहर में लगभग 17 होटल है। ज्यादातर के पास एनओसी नहीं है। विभाग ने पहला नोटिस देते हुए आग बुझाने के पर्याप्त इंतजाम करने को कहा था। जिसमें कुछ ने ही इंतजाम किए है। कई कई होटल तो ऐसे स्थानों पर बना लिए गए है कि अगर कोई हादसा हुआ तो दमकल की गाडियां भी मौके पर नहीं पहुंच सकेगी। वैसे भी शहर में पानी के इंतजाम पूरे नहीं है। हाईटेंट पर भी कोई ध्यान नहीं दिया जाता। इससे एटा में सीएफओ रहे शिवदयाल शर्मा ने भी तीन वर्ष पहले मानक पूरा ना होने पर होटलों को नोटिस दिए थे। पहला नोटिस देने के बाद समय दिया जाता है, उसके बाद भी मानक को पूरा नहीं कर रहे हैं तो इस स्थिति में फिर से एक और नोटिस दिया जाएगा।

## मीटर रीडर ने साथियों के साथ मिल पीट दिया जेई

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- अलीगंज - तत्कालीन मीटर रीडर ने अपने साथियों संग जेई पर हमला कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। मामले की तहरीर जेई ने कोतवाली अलीगंज में आरोपियों के विरूद्ध दी है। विद्युत उपकेन्द्र अलीगंज पर तैनात जेई अर्जुन कुमार ने कोतवाली अलीगंज में दी तहरीर में बताया कि गुरूवार को राजस्व वसूली के लिए गांव चमन नगरिया गए थे। उसी समय एक कॉलर की कॉल आई और फोन उठाने पर उसने रीड़ित वेरीफाई कराने के लिए पता पूछा। जेई ने चमन नगरिया आने की बात कहीं। आरोप है कि गांव में आकर आरोपियों ने जेई पर हमला कर घायल कर दिया। लाठी-डंडों से किए गए हमले में जेई घायल हो गया। दस्तावेज फाड़ दिए। जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। जेई के अनुसार एक मीटर रीडर है जो जिसे विभाग ने पहले ही निकाल दिया है। वह एसडीओ पर पुन मीटर रीडर बनाने का दबाव बना रहा है। जेई की तहरीर पर अलीगंज पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## हरदुआगंज में एक घंटे में दो जगह लूट, 24 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-हरदुआगंज थाना क्षेत्र के साधू आश्रम के निकट बाइक सवार तीन बदमाशों ने एक घंटे के अंतराल में दो जगहों पर लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश तमंचे के बल पर लाखों के गहने व नगदी लूटकर फरार हो गए। सरेशाम की वारदात से क्षेत्र में खौफ व्याप्त रहा।

### सूचना के बाद नहीं सक्रिय हुई पुलिस

पहली वारदात रामघाट रोड पर पर हुई पीड़ित कमल सिंह पुत्र भगवानदास निवासी नगला मानसिंह अलीगढ़ ने बताया कि वह बायोमेट्रिक मशीन रिपेयर का काम करता है। वह पीएनबी बैंक शाखा नारौरा से पासबुक मशीन ठीक करके अलीगढ़ आ रहा था। साधू आश्रम चौराहे पर पहुंचा जहां से अपाचे बाइक पर सवार बदमाश उसका पीछा करने लगे, साधू आश्रम पार करते ही बदमाशों ने बराबर बाइक लाकर गाड़ी की चाबी खींचकर गिरा लिया तथा तमंचा तानकर मोबाइल, बैग व पर्स लूट लिया। बैग में बैंक के जरूरी साफ्टवेयर, कागजात व पर्स में 27सौ रूपये नगदी थी। घटना को अंजाम देकर बदमाश वापस भाग गए। बताया कि घटना की सूचना तुरंत थाने देने के बाद भी पुलिस सक्रिय नहीं हुई।

### चलती बाइक में बदमाशों ने मारी लात

बदमाशों ने साधू-आश्रम-कासिमपुर रोड पर दंपत्ति को निशाना बनाया। पीड़ित अभिषेक कुमार राहुल निवासी गांव छलेसरा थाना गौधा अलीगढ़ ने बताया कि वह अपनी पत्नी रोशनी के साथ अलीगढ़ से गांव जा रहा था, गांव नारौली के निकट बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने पीछे आकर चलती बाइक में लात मारी, जिससे बाइक गिर गई, बदमाश तमंचा तानकर रोशनी अंगूठी, मंगलसूत्र रोशमपटटी, मोबाइल व पांच हजार नगदी लूटकर साधू-आश्रम की ओर वापस भाग निकले। पुलिस ने दोनों लूट की वारदातों का मुकदमा दर्ज किया है। वहीं लोगों का कहना है कि दोनों लूट की वारदातों में एक घंटे का अंतराल रहा इस बीच यदि पुलिस सक्रिय हुई होती तो बदमाश पकड़े जाते वहीं घटना को 24 घंटे बीतने के बाद भी पुलिस खाली हाथ है। एसएचओ बृजपाल सिंह ने बताया कि लुटेरों की तलाश में पुलिस टीम लगी है

## एक परिवार को समझा कर फिर से एक साथ रहने के लिए राजी किया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय शंकर के निर्देशन में महिला थाना कैंपस स्थित नारी उत्थान केंद्र संचालित परिवार परामर्श केंद्र एटा में दिनांक आज 03/11/2022 को आपसी मतभेदों के कारण टूटने के कगार पर खड़ा एक परिवार को समझा कर फिर से एक साथ रहने के लिए राजी किया गया। वादी- राखी पुत्री नरेश कुमार निवासी नगला अरहर थाना पिलुआ जिला एटा। प्रतिवादी- अमित कुमार पुत्र सत्यपाल सिंह निवासी शरणमई थाना सिकंदराराऊ जिला हाथरस?। आज एक परिवार का आपसी मतभेदों के कारण परिवार परामर्श केंद्र में पत्रावली प्रचलित थी दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलिंग कर समझाया गया अब दोनों पक्ष अपनी पिछली गलतियों को मानते साथ रहने के लिए राजी हुए हैं। आज की बैठक में प्रभारी निरीक्षक परिवार परामर्श केंद्र निरीक्षक ब्रह्मवती काउंसलर डॉ निरुपमा वर्मा, बृजबाला वशिष्ठ, दुष्यंत यादव पुलिस स्टाफ गौरी, पूजा मौजूद रहे।

## परेड के उपरांत एसएसपी एटा ने परखी पुलिस लाइन परिसर की व्यवस्थाएं

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-शुक्रवार की परेड के उपरांत एसएसपी एटा ने परखी पुलिस लाइन परिसर की व्यवस्थाएं आज दिनांक 04.11.2022 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड में शुक्रवार की परेड के दौरान सलामी के उपरान्त परेड का निरीक्षण कर उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों को पुलिस विभाग में ड्यूटी के दौरान ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और जनता के प्रति सदव्यवहार बनाये रखने के निर्देश दिये गये।

परेड के उपरान्त पुलिस लाइन स्थित चिकित्सालय, परिवहन शाखा, क्वार्टर गार्ड, बैरिकों, भोजनालय, बारबर शॉप आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान कुछ जगह खामियां मिलने पर प्रतिसार निरीक्षक को उनके शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया साथ ही भोजनालय आदि में बेहतर साफ-सफाई मिलने पर संबधित कर्मियों की सराहना की गयी। उक्त मौके पर समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त शाखा प्रभारी तथा कर्मचारीगण, डायल 112 के कर्मचारीगण, क्यूआरटी तथा प्रतिसार निरीक्षक श्री हरपाल सिंह व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## नकदी सामान स्वाहा, पीड़ित परिवार दहशत में

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-थाना मलावन क्षेत्र के गाँव नगला अगर में दबंगों ने एक झोपड़ी को उस समय आग के हबाले कर दिया जब परिवार सदस्य न्यायालय में पेशी पर गये हुये थे। पीड़ित परिवार का आरोप हैं कि तभी गाँव के ही दबंगों ने पुरानी रंजिश के तहत झौपड़ी में आग लगा दी, जिससे झौपड़ी में रखा नकदी व सामान जलकर स्वाहा हो गया, सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस और फायर सर्विस टीम ने मौके पर पहुची और आग को बुझाया ।

# बिना लाइसेंस गाड़ी दौड़ाई अथवा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाई तो सूरजपुर पुलिस करेगी सख्त कार्रवाई

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर- बीते दिन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा एवं पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू की मौजूदगी में सड़क दुर्घटना से होने वाले मृत्यु एवं सड़क दुर्घटना रोकने को लेकर समीक्षा की गई एवं सड़क हादसो को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने पर रणनीति बनी। कई बार यह देखा गया है कि सड़क हादसों के लिए प्रमुख कारक वाहन चालक का नाबालिक होना, बिना ड्राईविंग लायसेंस के वाहन चलाना एवं यातायात नियमों का पालन न करना प्रमुख है। ऐसे सड़क दुर्घटना के जोखिम को कम करने के लिए पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने थाना-चौकी प्रभारियों को वाहन चेकिंग का विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। पुलिस राजपत्रित अधिकारियों के सतत मार्गदर्शन में गुरूवार को जिले के थाना-चौकी की पुलिस सड़कों पर ट्रक, बस, ट्रेक्टर एवं 4 पहिये वाहनों की चेकिंग बड़ी गंभीरता से करते दिखी, इस दौरान पुलिस के द्वारा वाहन चालकों के ड्राईविंग लायसेंस, वाहन के दस्तावेज की चेकिंग करते हुए यह भी देखा कि कोई नाबालिक वाहन तो नहीं चला रहा, चालक शराब का सेवन तो नहीं किया है। पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों से चर्चा कर उनके नेत्र ठीक काम कर रहे है अथवा नहीं, उन्हें चश्मा की आवश्यकता तो नहीं है उसे जाना। गुरूवार को वाहन चेकिंग अभियान के दौरान जिले की पुलिस के द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन पर 62 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर 22300 रूपये का समन शुल्क लिया गया है। पुलिस की अपील।* यातायात नियमों की अनदेखी तथा वाहनों के कागजात के अभाव में पकड़ाए लोगों को जुर्माने के साथ वाहन मुक्त करते तथा पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाईश दी कि यातायात के नियमों का पालन करें। वाहन चलाते समय मोबाइल से बातें न करें। हमेशा हेलमेट का उपयोग करें तथा वाहन का अपटूडेट कागजात रखें, ड्राइविंग लाइसेंस एवं इंश्योरेंस हमेशा अपटूडेट रखें ताकि दुर्घटना की स्थिति में आश्रित को सहायता राशि मिल सके।

# भाजपा सह प्रभारी नितिन नवीन का युवा कांग्रेस ने फूका पुतला

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



जीपीएम- छत्तीसगढ राज्य उत्सव के अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल के द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति स्थापना की बात कही गई जिसे लेकर छत्तीसगढ़ भाजपा के सहप्रभारी नितिन नवीन द्वारा 卐छत्तीसगढ़ महतारी का क्या फायदा卐 कहकर जिस प्रकार से छत्तीसगढ़ का अपमान किया है उसको लेकर छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देश पर गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अमन शर्मा के नेतृत्व में युवा कांग्रेस द्वारा शहर गौरेला के संजय चौक में नितिन नबीन का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अमन ने बताया कि जिस प्रकार से भाजपा के सहप्रभारी नितिन नवीन ने द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कृति और छत्तीसगढ़ महतारी का अपमान किया जा रहा है वो कतई बर्दाश्त नही होगा दुख इस बात का भी है की छत्तीसगढ़ भाजपा भी उनके इस बयान पे मुह बन्द कर उनका मौन समर्थन कर रही है। यदि नितिन नबिन को छत्तीसगढ़ की संस्कृति और छत्तीसगढ़ महतारी से परेशानी है तो उन्हें छत्तीसगढ़ भाजपा के सहप्रभारी के पद से तत्काल इस्तीफा दे देना चहिये। एक तरफ छत्तीसगढ़ के मुखिया भुपेश बघेल छत्तीसगढ़ की संस्कृति को पुनर्जीवित करने का लगातार प्रयासकर रहे है यश शर्मा, हस्द्ध जि़लाध्यक्ष अनुज ताम्रकार, अजय पुलस्त, शिवांश दुबे, रिंकु राय, कृष्ण कुमार, रामचंद्र काशिपुरी, राजेश सोनकर, दीपेन्द्र, राहुल, गुलशन, निलेश पैकरा, दिलीप पुरी, राजेश यादव, परमेश्वर कश्यप, सिधार्थ, तेजप्रकाश, सौरभ, सहित भारी संख्या में युवा कांग्रेस के पदाधिकारिगण एव कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# सूरजपुर शहर में नशे के विरूद्ध पुलिस का लगा चौपाल, नशे से दूरी बनाने लोगों को दी गई समझाईश

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- नशा नाश की जड़ है। नशा विवेक को नष्ट कर देता है। यह देखा गया है कि नशेड़ी नशा करने के लिए हमेशा उधार मांगता है और अपनी




आर्थिक स्थिति को खराब कर लेता है, नशा के कारण समाज में अपने सम्मान को खो देता है जबकि इसके विपरित छोटी-छोटी बचत कर व्यक्ति अच्छा जीवन व्यतीत करता है, अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाता है, इसलिए नशे से दूरी बनाए रखने में भलाई है यह बात पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा वार्ड क्रमांक 17 बड़कापारा में लगाए गए चौपाल के दौरान कही। पुलिस अधीक्षक ने चौपाल के दौरान मौजूद वार्डवासियों से संवाद कर वार्ड की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली, जनता एवं पुलिस के अच्छे तालमेल की सराहना की और एसडीओपी और थाना प्रभारी का मोबाईल नंबर वार्डवासियों को नोट करवाया, साथ ही वार्डवासियों को कोई भी समस्या होने पर बेझिझक थाना जाने कहा गया एवं थाना न जाने की स्थिति में एसडीओपी कार्यालय या पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आने कहा गया। उन्होंने बताया कि बड़कापारा से चोरी हुए 4 मोटर सायकलों को पुलिस ने चोरों के कब्जे से बरामद किया है, वाहन स्वामी विधि के अनुसार वाहन प्राप्त कर ले, इसके बाद ग्रामीणों से रूबरू होते हुए पुलिस अधीक्षक ने अन्य समस्याओं की जानकारी ली। चलित थाना के दौरान एसडीओपी व थाना प्रभारी ने वार्डवासियों को साइबर ठगी, ऑनलाइन फ्रॉड, एटीएम फ्रॉड एवं महिला व बच्चों से संबंधित अपराधों के प्रति जागरूक किया एवं उनसे बचने के उपाय भी बताए। नशा से बचाव पर दिया जोर।* चौपाल में पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने कहा कि नशा करने वाला व्यक्ति समाज में अपना सम्मान खो देता है, फिर भी वह व्यसन को नहीं छोड़ता है। नशा समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है। नशे से कई घर उजड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि नशे से समाज को मुक्त करने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। उन्होंने अपने आसपास के लोगों को नशे से होने वाले नुकसान बताकर उससे दूर रहने के लिए प्रेरित करने को कहा। पुलिस लगातार नशे के सौदागरों पर कार्यवाही कर उन्हें जेल के सलाखों के पीछे भेज रही है और प्रभावी कार्यवाही के लिए लोग नशे में धंधे में लिप्त लोगों के विरूद्ध सूचना पुलिस तक पहुंचाए ताकि उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जा सके। इस दौरान एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी, थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, एसआई संतोष सिंह, यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय, एल्डरमेन मधुसूदन साहू, पार्षद कुसुमलता राजवाड़े, अजय सोनवानी, सुरेन्द्र राजवाड़े, राम खेलावन साहू, रामकृपाल साहू, गुल मोहम्मद, हरिनारायण, कलकत्ता राजवाड़े, अंकिता राजवाड़े, शांति, संतोष देवांगन, दुधलाल राजवाड़े सहित काफी संख्या में वार्डवासीगण मौजूद रहे।

# पेण्ड्रा में 75 लाख की लागत से बनेगा सर्व समाज मंगल भवन

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



पेण्ड्रा- नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जालान ने किया भूमिपूजन गांव,गरीब और किसानों के लिए कार्य कर रही है छत्तीसगढ़ सरकार- राकेश जालान पेण्ड्रा नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जालान ने जिला सहकारी बैंक के सामने स्थित भूमि पर 75 लाख की लागत से नवनिर्मित होने वाले सर्व समाज मंगल भवन का भूमि पूजन किया। इससे नगरीय एरिया में किसी भी शादी विवाह पार्टी एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए भवन न होने पर असुविधा होती थी इस भवन के बनने से सभी नगर वाशियों को इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर नगर पंचायत पेण्ड्रा के अध्यक्ष राकेश जालान ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेष बघेल सरकार गांव गरीब और किसानों के लिए कार्य कर रही है।गरीबों मजदूर बेरोजगार पुरुष एवं महिलाओं को अधिकार देने का काम किया है। महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के लिए स्वा सहायता समूहों के तहत प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार मुहैया कराया जा रहा है जिससे वे अपना स्वयं का रोजगार कर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण कर रही है। अंग्रेजी माध्यम के आत्मानन्द स्कूल खोलकर बच्चो के भविष्य को उज्ज्वल बनाने का कार्य किया जा रहा है।आज छत्तीसगढ़ में धान की खरीदी समय पर शुरू की गई व धान का रेट 2500/- प्रति क्विंटल दिया जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने पेण्ड्रा नगर के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेष बघेल विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत जिले के प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जब छत्तीसगढ़ मैं कांग्रेस की सरकार बनी सबसे पहले हमारे क्षेत्र को जिले कि सौगात मिली उसके बाद हमारे क्षेत्र में अनेको विकास के कार्य हुए हमारा क्षेत्र भाजपा के 15 साल के शाशन काल में पिछड़ गया था अब धीरे धीरे कांग्रेस की सरकार आने के बाद समृद्ध हो रहा है। भूमिपूजन पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष इक़बाल सिंह,पार्षद जयदत्त पार्षद राकेश चतुर्वेदी, मीडिया प्रभारी रईस खान पारस चौधरी उप अभियंता स्वप्निल मिश्रा मनीष श्रीवास उपस्थित थे।